दिनांकः 30.05.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

दक्षिण–पश्चिम मानसून ने केरल में प्रवेश कर लिया है। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि मॉनसून आज ही देश के अधिकांश पूर्वोत्तर हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मानसून तय समय से दो दिन पहले ही आ गया है। उन्होंने बताया कि अगले दो से तीन दिनों में कर्नाटक, तमिलनाडु और पुडुचेरी सहित दक्षिण भारत के शेष हिस्सों में मॉनसून की शुरुआत के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

राज्य में पिछले 24 घंटों में कुछ भागों में अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आगामी 48 घंटों में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आने के आसार हैं। वहीं अधिकांश भागों में 1 जून से हीटवेव से राहत मिलने की प्रबल संभावना है। बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में आज हीटवेव और कहीं–कहीं तेज हीटवेव चलने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में कल से 2 जून के बीच 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने और बारिश के आसार हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल जयपुर में प्रभारी सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। प्रशासनिक सुधार विभाग के संयुक्त शासन सचिव अरुण प्रकाश शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान ई–फाइल, संपर्क पोर्टल, जल संरक्षण के कार्य, वृक्षारोपण और पानी, बिजली तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में समीक्षा की जाएगी। बैठक में सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव और सभी जिला प्रभारी सचिव मौजूद रहेंगे। साथ ही सभी संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर और ऊर्जा, जल, चिकित्सा तथा ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक से जुडेंगे।

आज विश्व हिंदी पत्रकारिता दिवस है। वर्ष 1826 में आज ही के दिन हिंदी का पहला समाचार पत्र "उदन्त मार्तण्ड" शुरू हुआ, जिसने आगे चलकर भारतीय पत्रकारिता की नींव रखीं। समाचार पत्र से भारत में पत्रकारिता के एक नए युग की शुरुआत हुई और बाद में समाज और संस्कृति पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री मिश्र ने अपने संदेश में पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि लोकतंत्र की जड़ों को सींचकर उसे हमेशा हरा रखने का काम पत्रकार ही करते हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी लोकतंत्र, समाज और राष्ट्र के सजग प्रहरी के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने वाले सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि देश और समाज निर्माण में हिंदी पत्रकारिता का अभूतपूर्व योगदान रहा है। विश्व हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर भरतपुर के लोहागढ प्रेस क्लब में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने डिजिटल युग में हिंदी पत्रकारिता के विशेष योगदान पर अपने विचार रखे।

भरतपुर में लखनपुर इलाके के नगला मई में आज सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौत हो गई और दो मजदूरों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इन्हें उपचार के लिए भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार

सीवर टैंक की सफाई करते समय एक मजदूर टैंक में गिर गया। जिसे बचाने के लिए एक के बाद एक पांच लोग टैंक में उतरे। ये सभी लोग जहरीली गैस की चपेट में आ गए।

वन विभाग और पुरातत्व विभाग ने जयपुर में नाहरगढ़ किला घूमने जाने वाले लोगों को तेंदुओं से सतर्क रहने की सलाह दी है। किले के आस—पास तेंदुओं की लगातार गतिविधि देखी जा रही है। इसके मद्देनजर पर्यटकों को जंगल क्षेत्र में नहीं जाने, समूह में यात्रा करने और शाम के समय अधिक सतर्क रहने का परामर्श जारी किया गया है।

प्रदेश में पांचवीं और आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम आज घोषित किया जाएगा। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने बताया कि इस बार पांचवीं बोर्ड परीक्षा में 14 लाख 37 हजार और आठवीं बोर्ड में करीब साढे बारह लाख विद्यार्थी में शामिल हुए।